RAF SECTOR
NEWS CLIP
20/08/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Darshan , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से प्रौढ़ शिक्षा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

राजस्थान दर्शन

आमेर ,। राजधानी जयपुर के आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से प्रोढ़ शिक्षा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बटालियन के कल्याण केन्द्र (कावा) द्वारा भारत सरकार एवं महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में प्रौढ़ शिक्षा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महिलाओं का कावा अध्यक्षा सपना महला पायल ने कार्यक्रम में उपस्थित भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया। और केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई प्रौढ़ शिक्षा प्रणाली के तहत शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही वृक्षारोपण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान नन्द लाल मीणा, सहायक कमाण्डेन्ट ने प्रौढ़ शिक्षा के महत्व को समझाते हुये बताया कि प्रौढ़ शिक्षा का उद्देश्य उन वृद्ध व्यक्तियों को शैक्षिक विकल्प देना है जो औपचारिक शिक्षा आयु पार कर चूके है और साक्षरता, आधारभूत शिक्षा, कौशल विकास एवं अन्य रोजगार संबंधी शिक्षा की आवश्यकता अनुभव करते है। साथ ही मीणा ने पर्यावरण की मात्रा को समझाते हुये बताया कि पेड़ हमें खुशहाल जीवन व्यतित करने के लिए छाया ही नहीं बल्कि हमारे जीवन में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। पेड. पौधे मनुष्य को अनाज, जड़ी-बूटी, फल-फूल, ईंधन, लकड़ी उपलब्ध करवाने के साथ साथ मनुष्यों एवं प्राणियों को शुद्ध वातावरण प्रदान करते है। साथ ही प्रेरित किया कि हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड लगाना चाहिए एवं दुसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे प्रकृति एवं वन्य जिवों के आवास को भी बचाया जा सके। कार्यक्रम में सपना महला पायल के साथ डॉ0 सुनील धाकड़ (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), सहायक कमाण्डेन्ट नन्द लाल मीणा, उप निरीक्षक तारावती जाट और बटालियन कैम्पस के आस-पास के क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अन्त में सपना महला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।